//प्रेस विज्ञप्ति//

तात्या टोपे स्टेडियम के 'पे एंड प्ले' योजना के खिलाड़ी उज़ैर खान ने सीनियर राज्य स्तरीय स्नूकर प्रतियोगिता जीती, खेल संचालक से की मुलाकात

भोपाल दिनांक 12.11.2024

इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय स्नूकर प्रतियोगिता में तात्या टोपे स्टेडियम के 'पे एंड प्ले' योजना के खिलाड़ी उज़ैर खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उज़ैर ने भोपाल के प्रियंक जायसवाल को हराकर विजय हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने जबलपुर के इमरान खान को और क्वार्टरफाइनल में नेशनल गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता पीयूष कुशवाहा को 3-2 से मात दी। उज़ैर ने विश्व नंबर 1 खिलाड़ी और अपने प्रशिक्षक कमल चावला के साथ खेल संचालक डॉ. रवि कुमार गुप्ता से मुलाकात की। खेल संचालक ने उज़ैर की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी इस जीत से प्रदेश के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने उज़ैर के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वे इसी तरह प्रदेश और देश का नाम रोशन करते रहें।

इस अवसर पर पूर्व डीजी श्री स्वराज पुरी, और सहायक कोच संदीप सिंह भी विशेष रूप से **उपस्थित थे।** तात्याटोपे स्टेडियम की पे एण्ड प्ले योजना के एक अन्य खिलाड़ी **उदित राय ने क्वार्टरफाइनल में इंदौर के केतन चावला को हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें प्रियंक जायसवाल से 4-2 से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।** दोना खिलाड़ी कमल चावला के मार्गदर्शन में स्टेडियम में प्रशिक्षणरत है।

इन सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी जनवरी 2025 में इंदौर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है।